# दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र

## प्रैस नोट

दिनांक -27-02-2019

आज दिनांक 27-2-2019 को दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय युवा सांसद समारोह, 2019 का सीधा प्रसारण छात्राओं व प्राध्यापिकाओं को दिखाया गया। इस अवसर पर प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने युवा सांसद में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर युवा वर्ग को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र की श्वेता उमरी को प्रथम पुरस्कार दो लाख रूप्ये, द्वितीय पुरस्कार अंजनाा, कर्नाटक से 1 लाख 50 हजार रूप्ये व तृतीय पुरस्कार ममता कुमार बिहार से 1 लाख रूप्ये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई इस कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानमन्त्री जी की मन की बात योजना से हुई। इस अवसर पर प्रधानमन्त्री जी ने आओ खेले भी और खिले भी के नारे को साबित करने के लिये खेलो इण्डिया ऐप भी लाँच किया। प्रधानमन्त्री जी ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में मैं न्यू इण्डिया की तस्वीर इन युवाओं में देख रहा हूँ। उन्होंने बताया कि युवा संसद कार्यक्रम के तहत लोकतंत्र के समक्ष विचारों को जोड़ने की कोशिश की गई है। भविष्य में जो भी सांसद संसद में जाना चाहता है वो भी इस युवा संसद से होकर गुजरेगा। प्रधानमन्त्री जी ने युवा प्रतिभागियों से कहा कि इस युवा संसद में इतनी बढ़ी संख्या और उत्साह से युवाओं की भागीदारी का मतलब है कि पाठ्यक्रम के बाहर भी आप सोचते हैं। मेरे मन में बड़ा सपना हैं इस सपने को पुरा करने के लिये एक छोटी सी शुरूआत युवा संसद है। उन्होंने कहा कि हमारी वाणी प्रभावशाली होनी चाहिए मुँह से निकला प्रत्येक शब्द सही जगह पर काम करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि 15वीं लोकसभा की तुलना में 16वीं लोकसभा ने 20% काम ज्यादा किया है लेकिन मैं इससे ज्यादा खुश नही हूं। लोकसभा चुनावों में 21वीं सदी में पैदा होने वाले व्यक्ति को पहली बार वोट डालने का अधिकार मिलेगा। उन्होंने अपने युवाओं से सही नेतृत्व चुनने की भी अपेक्षा जताई। नोडल आफिसर श्रीमती उर्मिला सिंह ने बताया कि इसी कड़ी में दयानन्द महिला महाविद्यालय की प्रथम व द्वितीय विजेता छात्राओं कुमारी निधि व कुमारी अदिति शर्मा ने राष्ट्रीय युवा सांसद समारोह में भाग लिया। इसी अवसर पर महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति के महासचिव डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि 1947 के बाद पहली बार युवा वर्ग को अपनी बात रखने व विकसित देशों से बराबरी करने का अवसर मिला हैं। उन्होंने छात्राओं से उनके जीवन में अनुशासन से रहने व व्यवस्था को बनाये रखने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विजेश्वरी शर्मा, श्रीमती उर्मिल पंघाल, श्रीमती उर्मिला सिंह, श्रीमती सपना मलिक, डॉ. मनजीत कौर, डॉ. सोनिया, श्रीमती भावना, श्रीमती सरोज बाला व सुश्री त्रच्चा उपस्थित रही।

# रिपोर्ट

आज दिनांक 27-2-2019 को दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय युवा सांसद समारोह, 2019 का सीधा प्रसारण छात्राओं व प्राध्यापिकाओं को दिखाया गया। इस अवसर पर प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने युवा सांसद में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर युवा वर्ग को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र की श्वेता उमरी को प्रथम पुरस्कार दो लाख रूपये, द्वितीय पुरस्कार अंजनाक्षी, कर्नाटक से 1 लाख 50 हजार रूपये व तृतीय पुरस्कार ममता कुमार बिहार से 1 लाख रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई इस कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानमन्त्री जी की मन की बात योजना से हुई। इस अवसर पर प्रधानमन्त्री जी ने 'आओ खेले भी और खिले भी' के नारे को साबित करने के लिये खेलो इण्डिया ऐप भी लाँच किया। प्रधानमन्त्री जी ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में मैं न्यू इण्डिया की तस्वीर इन युवाओं में देख रहा हूँ। उन्होंने बताया कि युवा संसद कार्यक्रम के तहत लोकतंत्र के समक्ष विचारों को जोड़ने की कोशिश की गई है। भविष्य में जो भी सांसद संसद में जाना चाहता है वो भी इस युवा संसद से होकर गुजरेगा। प्रधानमन्त्री जी ने युवा प्रतिभागियों से कहा कि इस युवा संसद में इतनी बढ़ी संख्या और उत्साह से युवाओं की भागीदारी का मतलब है कि पाठ्यक्रम के बाहर भी आप सोचते हैं। मेरे मन में बड़ा सपना हैं इस सपने को पुरा करने के लिये एक छोटी सी शुरूआत युवा संसद है। उन्होंने कहा कि हमारी वाणी प्रभावशाली होनी चाहिए मुँह से निकला प्रत्येक शब्द सही जगह पर काम करना चाहिए।

[illegible]

# ...ा संसद समारोह का छात्राओं ने देखा सीधा प्रसारण

[illegible]



राष्ट्रीय युवा संसद समारोह 2019 का सीधा प्रसारण देखते कॉलेज स्टाफ व छात्राएं।

[illegible]

पंजाब केसरी (28.02.2019)





कार्यक्रम में भाग लेती अध्यापिकाएं व छात्राएं।

# दयानंद महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्रीय युवा संसद समारोह में लिया भाग

कुरुक्षेत्र, 27 फरवरी (अरोड़ा): सालापुर रोड स्थित दयानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा संसद समारोह का सीधा प्रसारण छात्राओं व प्राध्यापिकाओं को दिखाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा संसद में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर युवा वर्ग को प्रोत्साहित किया।

प्रधानमंत्री ने आओ खेलें भी और खिलें भी के नारे को साकार करने के लिए खेलो इंडिया एप लॉन्च किया। नोडल ऑफिसर उर्मिला सिंह ने बताया कि इसी कड़ी में दयानंद महिला महाविद्यालय की प्रथम व द्वितीय विजेता छात्राओं निधि व अदिति शर्मा ने राष्ट्रीय युवा संसद समारोह में भाग लिया। महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के महासचिव डा. राजेंद्र विद्यालंकार ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पहली बार युवा वर्ग को अपनी बात रखने व विकसित देशों में कार्य करने का अवसर मिला है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डा. विजेश्वरी शर्मा, उर्मिला पंचाल, उर्मिला सिंह, सपना मलिक, डा. मनजीत कौर, डा. सोनिया, भावना, सरोज बाला व ऋचा उपस्थित रहीं।




Anjanakshi M.S.
Bengalore, Karnataka
JURY

